# कार्यालय :- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिद्धार्थनगर

## विज्ञप्ति

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ, पत्रांक:–के०जी०बी०वी०/11308/2022–23 दिनांक 14.02.2023 एवं शासनादेश संख्या–2805/ 68–5–2023–02 /2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 01 फरवरी, 2023 के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में संचालित 13 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) हेतु शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों के रिक्त पदों के सापेक्ष नितान्त अस्थायी रूप से संविदा के आधार पर कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं, जो विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या–13553/2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अंतिम आदेश के अधीन होगी। आवेदन पत्र केवल **पंजीकृत डाक से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिद्धार्थनगर में दिनांक 23 मई, 2026 की सायं 05:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्तियों एवं आरक्षित पदों का विवरण निम्न प्रकार है:–

| पद का नाम | विषय | निर्धारित शैक्षिक योग्यता | कुल रिक्त पदों की संख्या | आरक्षण /संवर्ग रिक्त पदों का विवरण | | | | | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | ई० डब्लू० एस० | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु० जाति | अनु० जन जाति | |
| पूर्ण कालिक शिक्षिका | गणित | गणित पी०सी०एम० वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी० | 3 | 1 | – | 1 | 1 | – | 25410/– |
| | अंग्रेजी | अंग्रेजी विषय के साथ प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी०ई०टी० | 1 | 1 | – | – | – | – | 25410/– |
| अंश कालिक शिक्षिका | कम्प्यूटर | कम्प्यूटर शिक्षिका के लिए प्रशिक्षित स्नातक होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन०सी०टी०ई० से मान्य बी०एड०/समकक्ष एल०टी० इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर शिक्षण हेतु पी०जी०डी०सी०ए०/बी०सी०ए०/ बी०एस०सी० कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी०ओ०ई० ए०सी०सी० या समकक्ष संस्था से "ओ लेवल"/ए लेवल डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी। | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | – | 12790/– (ई०पी०एफ० सहित) |
| | कला–क्राफ्ट | कला क्राफ्ट एवं संगीत /गृह शिल्प, गृह विज्ञान विषय से स्नातक, एन०सी०टी०ई० से मान्य बी०एड०/समकक्ष एल०टी० प्रशिक्षण | 1 | 1 | – | – | – | – | 12790/– (ई०पी०एफ० सहित) |
| | शारीरिक शिक्षा | स्नातक के साथ बी०पी०एड०, सी०पी०एड० तथा डी०पी०एड० आदि मान्य होगी इन अभ्यर्थियों हेतु टी०ई०टी०अनिवार्य नहीं होगी। | 1 | 0 | – | 1 | – | – | 12790/– (ई०पी०एफ० सहित) |
| शिक्षिका | उर्दू | उर्दू शिक्षिका हेतु निर्धारित योग्यता बी०ए० उर्दू विषय से तथा एल०टी० या बी०टी० या बी०एड० या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा होगी। | 2 | – | – | 1 | 1 | – | 17196/ (ई०पी०एफ० सहित) |
| मुख्य रसोइया | – | कक्षा–8 पास | 1 | – | – | 1 | – | – | 9006/– (ई०पी०एफ० सहित) |
| सहायक रसोइया | – | कक्षा–8 पास | 2 | – | 1 | 1 | – | – | 6755/– (ई०पी०एफ० सहित) |
| चपरासी | – | कक्षा–8 पास | 1 | 1 | – | – | – | – | 7505/– (ई०पी०एफ० सहित) |
| कुल रिक्तियों की संख्या | | | 16 | 5 | 2 | 6 | 3 | – | |

- कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ यथा पूर्णकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका तथा अंशकालिक शिक्षिका के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। पूर्णकालिक शिक्षिका , उर्दू शिक्षिका तथा अंशकलिक शिक्षिका के पद हेतु अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंको का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा–

| क्र०सं० | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल | परीक्षा मे प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा मे प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा मे प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | प्रशिक्षण | परीक्षा मे प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100 |
| 5 | **भारांक**<br>कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय मे शिक्षक के रूप मे कार्यरत अनुभव | ऐसे के०जी०बी०वी० की शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020–21 मे नवीन संविदा से वंचित हो गयी हो, उनके द्वारा के०जी०बी०वी० मे रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए 2 प्रतिशत अंक अतिरिक्त परन्तु अधिकतम 30 प्रतिशत से अधिक नहीं दिया जायेगा। |

- सहायक रसोईया का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनका साक्षात्कार 50 अंक का होगा, जिसमें शारीरिक क्षमता हेतु 20 अंक, पाक विद्या के ज्ञान हेतु 20 अंक तथा अनुभव हेतु 10 अंक निर्धारित होगें।
- चपरासी का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनके साक्षात्कार के लिए 50 अंक होगे, जिसमे शारीरिक स्वास्थ्य हेतु 25 अंक तथा सामान्य ज्ञान हेतु 25 अंक निर्धारित होगे।

उक्त पदों पर चयन हेतु अर्हता, विस्तृत निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद सिद्धार्थनगर के वेबसाईट **https://siddharthnagar.nic.in** पर उपलब्ध है एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है तथा आवेदन पत्र का प्रारूप QR CODE को स्कैन करके देखा जा सकता है।